(i) Printed Pages : 4 Roll No. ..............................

(ii) Questions : 8

Sub. Code : | 0 | 0 | 0 | 7 |

Exam. Code : | 0 | 0 | 0 | 1 |

**B.A./B.Sc. (General) 1st Semester**

**(2123)**

# HINDI

**Paper—(Elective)**

**Time Allowed : Three Hours] [Maximum Marks : 90**

नोट :— (1) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(2) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए। अनावश्यक विस्तार से बचें।

1. (क) सप्रसंग व्याख्या कीजिए—

हरि जननी मैं बालिक तेरा।
काहे न औगुण बकसहु मेरा।। टेक।।
सुत अपराध करै दिन केते, जननी के चित रहै न तेते।।
कर गहि केस करै जो घाता, तऊ न हेत उतारै माता।।
कहै कबीर एक बुधि विचारी, बालक दुखी दुखी मतहारी।।

**अथवा**

सिंमल रुखु सराइरा अति दीरघ अति मुचु।।
ओइजि आवहि आस करि जाहि निरासे कितु।।
फल फिके फुल बकबके कमि न आवहि पतु।।
मिठतु नीवी नानका गुण चंगिआइआ ततु।। 8

(ख) सूरदास के बाल-लीला के पदों का सार लिखिए।

**अथवा**

कबीर दास का साहित्यिक परिचय दीजिए। 8

2. (क) निम्नलिखित गद्यांशों में से किन्हीं दो की सप्रसंग व्याख्या कीजिए।

(i) उन में राजनीतिक भावों का अध:पतन हो गया था। बादशाहत के लिए क्यों मरें ? पर व्यक्तिगत वीरता का अभाव न था। दोनों ने पैंतरे बदले, तलवारें चमकीं, छपाछप की आवाजें आई। दोनों जख्म खाकर गिरे और दोनों ने वहीं तड़प-तड़प कर जानें दे दीं।

(ii) मैं नहीं जानती कि वह शहंशाह था, या साधारण मुगल, पर एक दिन इसी झोंपड़ी के नीचे वह रहा। मैंने सुना था कि वह मेरा घर बनवाने की आज्ञा दे चुका था। मैं आजीवन अपनी झोंपड़ी खोदवाने के डर से भयभीत ही थी। भगवान् ने सुन लिया, मैं आज इसे छोड़े जाती हूँ। अब तुम इसका मकान बनाओ या महल, मैं अपने चिर-विश्राम गृह में जाती हूँ।

(iii) जिसका अन्त:करण कुढ़ रहा हो। जिसके नेत्र आँसू बरसा रहे हों, जिसका मस्तिष्क अपने आप में न हो, उसके होठों पर हँसी ऐसी भयानक प्रतीत होती है, जैसे-श्मशान में चाँदनी, वरन् उससे भी अधिक।

(iv) बूढ़े का दिल नाच उठा। दुनिया में इससे बढ़कर भी कोई प्रसन्नता हो सकती है, यह उसकी कल्पना से भी परे की बात थी। बूढ़ा हसना लड़खड़ाती हुई टाँगों से दौड़-दौड़ कर स्वयं वह गाड़ी खींचने लगा। $2 \times 5 = 10$

(ख) 'ममता कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

'न्यायमंत्री' कहानी का सार अपने शब्दों में लिखिए। 6

3. निम्नलिखित में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। शब्द संख्या **50** से अधिक न हो।

(क) कबीर जी ने गुरु को भगवान से ऊँचा क्यों माना है ?

(ख) गुरु नानक देव जी ने कलियुग के विषय में क्या कहा है ?

(ग) भक्त रविदास की साखियों का सार लिखें।

(घ) मीर साहब की पत्नी कैसी औरत थी ?

(ङ) हसना के चरित्र के बारे में लेखक ने क्या बताया है ?

(च) 'सभ्य असभ्य' कहानी का उद्देश्य स्पष्ट कीजिए। $3 \times 3 = 9$

4. आदिकाल के नामकरण के औचित्य पर अपने विचार प्रस्तुत कीजिए।

**अथवा**

आदिकाल की परिस्थितियों पर प्रकाश डालिए। 7

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दस** वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'ममता' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(ii) 'गुलाब' कहानी के दो पुरुष पात्रों के नाम लिखिए।

(iii) 'मौत के मुँह में' कहानी के लेखक का नाम लिखिए।

(iv) मनोहर सिंह ठाकुर शिवपाल सिंह का लगान क्यों नहीं दे सका था ?

(v) तेजा ने नीम के पेड़ को किसके चंगुल से छुड़ाया ?

(vi) आदिकाल को बीज-वपन-काल किस आलोचक ने कहा है ?

(vii) आदिकाल के समय कब से कब तक माना जाता है ?

(viii) 'पृथ्वीराज रासो' किस काल की रचना है ?

(ix) 'पृथ्वीराज रासो' की रचना किस भाषा में हुई है ?

(x) सरहपा किस काल के कवि हैं ?

(xi) रैदास के गुरु का नाम लिखिए।

(xii) सूरदास की प्रसिद्ध रचना का नाम लिखिए।

(xiii) कबीर का जन्म कहाँ हुआ था ?

(xiv) गुरु नानक देव जी भगवान के किस रूप के उपासक थे ?

(xv) रैदास की किसी रचना का नाम लिखिए। 10

6. कहानी के तत्वों पर प्रकाश डालिए।

अथवा

कहानी के भेद-उपभेदों की चर्चा कीजिए। 7

7. (क) निम्नलिखित में से किन्हीं **पाँच** के विपरीतार्थक शब्द लिखिए :

अग्नि, अपना, उत्तीर्ण, क्रय, कायर, सबल, मंगल।

(ख) किन्हीं **पाँच** के समानार्थक शब्द लिखिए :

अंक, अमृत, उत्तम, कृपा, चतुर, जीभ, पक्षी।

(ग) किन्हीं **पाँच** अशुद्ध शब्दों को शुद्ध करके लिखिए :

इस्नान, कठनाई, सामाजिक, पिताम्बर, भानू, इष्ठ, भूक।

(घ) किन्हीं **पाँच** वाक्यांशों के लिए एक शब्द लिखिए :

जो नष्ट न हो, अनुकरण के योग्य, वर्षा की कमी, बड़ा भाई, आगे लिखा गया, आशा से बढ़कर, जो अपनी हत्या आप करे। 20

8. किन्हीं **पाँच** पारिभाषिक शब्दों के हिन्दी रूप लिखिए :

Alteration, Cancel, Duration, Entry, Guidance, Holiday, Import, Issue. 5